# शराब घोटाला: अधिकारियों के खिलाफ कल पेश होगा चालान



रायपुर | छत्तीसगढ़ के चर्चित 2200 करोड़ रुपए के शराब घोटाला मामले में आबकारी अधिकारियों के खिलाफ अब सोमवार को चालान पेश होगा। दरअसल, शनिवार को ईओडब्ल्यू के अफसर कोर्ट में आबकारी अधिकारियों के खिलाफ चालान लेकर पहुंचे थे, लेकिन स्पेशल जज शनिवार को नहीं थे। इसके चलते आबकारी अधिकारियों को लिंक कोर्ट में उपस्थिति दर्ज करा कर वापस भेज दिया गया।

साथ ही ईओडब्ल्यू की टीम चालान लेकर वापस चली गई। अब सोमवार को चालान पेश किया जाएगा। बता दें कि शराब घोटाले में 29 आबकारी अफसर आरोपी हैं। आबकारी की जांच में खुलासा हुआ है कि अफसरों ने सिंडिकेट बनाकर शराब घोटाले में पूरा साथ दिया। शराब घोटाला करने के एवज में अफसर हर साल 70 करोड़ की वसूली करते थे। ये सभी राजपत्रित अधिकारी हैं और वर्तमान में राज्य के अलग अलग जिलों में पदस्थ हैं। इसलिए इन्हें फिलहाल गिरफ्तार नहीं किया गया है। विशेष न्यायालय के फैसले के आधार पर ही इनके खिलाफ आगे की कार्रवाई होगी।